U.S. Small Business Administration

# यू.एस. स्मॉल बिज़नेस ऐड्मिनिस्ट्रेशन
# तथ्य शीट - आपदा कर्ज़

## *मिशिगन घोषणा 17039 और 17040*
*(आपदा: MI-00099)*
## दुर्घटना: भयंकर तूफ़ान, बाढ़ और बवंडर

**घटना की अवधि: *जून 25 – जून 26, 2021***

***मिशिगन*** *की इन काउंटीज़ में:* ***वाशटेनॉ और वेन;*** *और आर्थिक क्षति के लिए केवल* ***मिशिगन*** *की निकटवर्ती काउंटीज़ में:* ***जैक्सन, लेनावी, लिविंगस्टन, मकोम्ब, मनरो और ओकलैंड***

***आवेदन दर्ज करने की समयसीमा:***
**भौतिक क्षति: *13 सितंबर, 2021*** **आर्थिक क्षति: *15 अप्रैल 2022***

यदि आप किसी घोषित आपदा क्षेत्र में स्थित हैं, तो आप यू.एस. स्मॉल बिज़नेस ऐड्मिनिस्ट्रेशन (SBA) की ओर से वित्तीय सहायता के लिए योग्य हो सकते हैं।

### किस प्रकार के आपदा कर्ज़ उपलब्ध हैं?

- व्यावसायिक भौतिक आपदा कर्ज़ – व्यवसायों के स्वामित्व वाली आपदा-क्षतिग्रस्त संपत्ति की मरम्मत करने या उसे बदलने हेतु व्यवसायों के लिए कर्ज़, जिसमें अचल संपत्ति, इन्वेंट्री, आपूर्ति, मशीनें और उपकरण शामिल हैं। किसी भी आकार के व्यवसाय योग्य हैं। निजी, गैर-लाभकारी संगठन जैसे चैरिटीज़, चर्च, निजी विश्वविद्यालय, आदि, भी योग्य हैं।
- आर्थिक क्षति आपदा कर्ज़ (EIDL) – लघु व्यवसायों, लघु कृषि सहकारी समितियों, जलीय कृषि में लगे लघु व्यवसायों, तथा सभी आकारों के ज़्यादातर निजी, गैर-लाभकारी संगठनों के ऐसे सामान्य और आवश्यक वित्तीय दायित्वों, जिन्हें आपदा के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में पूरा नहीं किया जा सकता, को पूरा करने में उनकी सहायता करने के लिए कार्यशील पूँजी कर्ज़। इन कर्ज़ों का उद्देश्य आपदा से बहाली में सहायता करना है।
- घर के लिए आपदा कर्ज़ – आपदा-क्षतिग्रस्त अचल संपत्ति और निजी संपत्ति की मरम्मत करने या उसे बदलने हेतु मकान मालिकों या किराएदारों के लिए कर्ज़, जिसमें वाहन शामिल हैं।

### क्रेडिट से जुड़ी आवश्यकताएं क्या हैं?

- क्रेडिट इतिहास – आवेदकों के पास क्रेडिट इतिहास होना चाहिए जो SBA को स्वीकार्य हो।
- कर्ज़ अदायगी – आवेदकों को सभी कर्ज़ चुकाने की क्षमता प्रदर्शित करनी होगी।
- कोलैटरल – $25,000 से अधिक के भौतिक क्षति कर्ज़ों और $25,000 से अधिक के सभी EIDL कर्ज़ों के लिए कोलैटरल की आवश्यकता होती है। अचल संपत्ति उपलब्ध होने पर SBA उसे कोलैटरल के रूप में स्वीकार करता है। कोलैटरल न होने की स्थिति में SBA कर्ज़ को अस्वीकार नहीं करेगा, लेकिन जो उपलब्ध है, आपके लिए उसे गिरवी रखना आवश्यक बनाता है।

### ब्याज दरें क्या हैं?

कानून के अनुसार, ब्याज दरें इस पर निर्भर करती हैं कि प्रत्येक आवेदक के पास किसी अन्य स्थान पर क्रेडिट उपलब्ध है या नहीं। एक आवेदक के पास किसी अन्य स्थान पर क्रेडिट तब उपलब्ध नहीं होता जब SBA यह निर्धारित करती है कि उस आवेदक के पास स्वयं अपनी आपदा बहाली की व्यवस्था करने के लिए पर्याप्त पूँजी या अन्य संसाधन, या गैर-सरकारी स्रोतों से उधार लेने की क्षमता, नहीं है। एक आवेदक, जिसके लिए SBA यह निर्धारित करती है कि उसके पास स्वयं अपनी आपदा बहाली की व्यवस्था करने की क्षमता है, उसके बारे में यह समझा जाता है कि उसके पास किसी अन्य स्थान पर क्रेडिट उपलब्ध है। कर्ज़ की अवधि के लिए ब्याज दरें तय की जाती हैं। इस आपदा के लिए लागू ब्याज दरें हैं:

| कर्ज़ के प्रकार | किसी अन्य स्थान पर क्रेडिट उपलब्ध नहीं है | किसी अन्य स्थान पर क्रेडिट उपलब्ध है |
|---|---|---|
| घर के लिए कर्ज़ | 1.625% | 3.250% |
| व्यापार कर्ज़ | 2.880% | 5.760% |
| गैर-लाभकारी संगठन | 2.000% | 2.000% |

आर्थिक क्षति के लिए कर्ज़

| कर्ज़ के प्रकार | किसी अन्य स्थान पर क्रेडिट उपलब्ध नहीं है | किसी अन्य स्थान पर क्रेडिट उपलब्ध है |
|---|---|---|
| व्यवसाय और लघु कृषि सहकारी समितियां | 2.880% | लागू नहीं |
| गैर-लाभकारी संगठन | 2.000% | लागू नहीं |

### कर्ज़ की अवधि क्या है?

कानून अधिकतम 30 वर्षों तक कर्ज़ की अवधि को अधिकृत करता है। हालांकि, किसी अन्य स्थान पर उपलब्ध क्रेडिट वाले व्यवसायों के लिए कानून अधिकतम 7-वर्ष की अवधि सीमित करता है। SBA किश्त भुगतान राशि और प्रत्येक कर्ज़दार की चुकाने की क्षमता के आधार पर संबंधित मैच्योरिटी तय करता है।

**कर्ज़ की रकम की सीमाएं क्या हैं?**

- व्यापार कर्ज़ – अचल संपत्ति, इन्वेंट्री, मशीनों, उपकरणों की मरम्मत करने या उन्हें बदलने तथा अन्य सभी भौतिक क्षतियों की भरपाई करने के लिए कानून व्यापार कर्ज़ को $2,000,000 तक सीमित करता है। इस अधिकतम सीमा तक, कर्ज़ की रकम सत्यापित बीमारहित आपदा क्षति से अधिक नहीं हो सकती।
- आर्थिक क्षति आपदा कर्ज़ (EIDL) – आपदा के कारण हुई आर्थिक क्षति को कम करने के लिए कानून EIDL को $2,000,000 तक सीमित करता है। प्रत्येक कर्ज़ की वास्तविक रकम SBA द्वारा निर्धारित आर्थिक क्षति तक सीमित होती है, तथा उसमें व्यावसायिक बाधा बीमा और प्रशासनिक उधार सीमा तक अन्य बहाली शामिल नहीं होती। EIDL सहायता केवल उन निकायों और उनके स्वामियों के लिए उपलब्ध होती है जो, यू.एस. स्मॉल बिज़नेस ऐड्मिनिस्ट्रेशन (SBA) द्वारा निर्धारित, गैर-सरकारी स्रोतों से स्वयं अपनी बहाली के लिए व्यवस्था नहीं कर सकते।
- व्यापार कर्ज़ सीमा – व्यापार कर्ज़ के लिए $2,000,000 की वैधानिक सीमा भौतिक, आर्थिक क्षति, मिटिगेशन और रीफाइनेंसिंग पर लागू होती है, तथा प्रत्येक आपदा के लिए किसी व्यवसाय और उसके सहयोगियों को दिए गए सभी आपदा कर्ज़ों पर लागू होती है। यदि कोई व्यवसाय रोज़गार का प्रमुख स्रोत है, तो SBA के पास $2,000,000 की वैधानिक सीमा को माफ़ करने का अधिकार है।
- घर के लिए कर्ज़ – SBA के नियम घर के लिए कर्ज़ को अचल संपत्ति की मरम्मत करने या उसे बदलने के लिए $200,000 तक तथा निजी संपत्ति की मरम्मत करने या उसे बदलने के लिए $40,000 तक सीमित करते हैं। इन अधिकतम सीमाओं तक, कर्ज़ की रकम सत्यापित बीमारहित आपदा क्षति से अधिक नहीं हो सकती।

**कर्ज़ के लिए योग्यता पर क्या प्रतिबंध हैं?**

- बीमारहित क्षतियाँ – केवल बीमारहित या अन्यथा मुआवज़ा रहित आपदा क्षतियाँ योग्य हैं। कोई बीमा राशि जिसे बकाया मॉर्गिज के बदले लागू करने की ज़रूरत है, वह आपदा-संबंधी मरम्मत के लिए रकम देने के लिए उपलब्ध नहीं है और कर्ज़ के लिए योग्यता को कम नहीं करती। हालांकि, बकाया मॉर्गिज के बदले स्वेच्छा से लागू की गई कोई बीमा राशि कर्ज़ के लिए योग्यता को कम करती है।
- अयोग्य संपत्ति – अतिरिक्त घर, व्यक्तिगत आनंद के लिए बोट्स, विमान, सैर सपाटे के लिए वाहन और उनसे मिलती-जुलती संपत्ति योग्य नहीं हैं, जब तक व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उनका उपयोग नहीं किया जाता। ऐसी संपत्ति, जैसे प्राचीन वस्तुएँ और संग्रह, केवल अपने कार्यात्मक मूल्य की सीमा तक योग्य है। लैंडस्केपिंग, स्विमिंग पूल, आदि के लिए राशि सीमित है।
- गैर-अनुपालन – हो सकता है वे आवेदक योग्य न हों जिन्होंने पिछले SBA कर्ज़ों की शर्तों का पालन नहीं किया है। इसमें वे कर्ज़दार शामिल हैं जिन्होंने पिछले SBA कर्ज़ों में बाढ़ और/या जोखिम बीमा को कायम नहीं रखा।

**नोट:** SBA आपदा कर्ज़ का अनुमोदन कर्ज़ के आवेदकों की योग्यता को कैसे प्रभावित कर सकता है, यह निर्धारित करने के लिए उन्हें इस घोषणा के अधीन कोई भी अनुदान प्रदान करने या अन्य सहायता कार्यक्रम चलाने वाली एजेंसियों / संगठनों से पता करना चाहिए।

**क्या फंडिंग मिटिगेशन सुधारों के लिए सहायता उपलब्ध है?**

यदि आपका कर्ज़ का आवेदन स्वीकृत हो गया है, तो आप उन सुधारों की लागत को शामिल करने के लिए अतिरिक्त राशि के लिए योग्य हो सकते हैं जो आपकी संपत्ति को भावी क्षति से बचाएंगे। इन सुधारों के उदाहरणों में रिटेनिंग वॉल्स, सीवॉल्स, सम्प पम्प्स, आदि शामिल हैं। मिटिगेशन कर्ज़ की राशि स्वीकृत कर्ज़ की राशि के अतिरिक्त होगी, लेकिन वह वास्तविक संपत्ति, लीज़होल्ड सुधारों सहित, और निजी संपत्ति को हुई भौतिक क्षति की कुल राशि के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती, जैसा कि घर के लिए कर्ज़ हेतु अधिकतम $200,000 तक SBA द्वारा सत्यापित है। आवेदन के साथ सुधारों और लागत अनुमानों का विवरण जमा करना ज़रूरी नहीं है। कर्ज़ में किसी भी वृद्धि से पहले मिटिगेशन संबंधी कदमों के लिए SBA अनुमोदन की ज़रूरत होगी।

**क्या रीफाइनेंसिंग के लिए सहायता उपलब्ध है?**

- SBA किसी रिकॉर्ड किए गए अधिकार द्वारा प्रमाणित पूर्व मॉर्गिज को पूर्ण या आंशिक रूप से रीफाइनेंस कर सकती है, जब आवेदक को (1) किसी अन्य स्थान पर क्रेडिट उपलब्ध न हो, (2) उसे मुआवज़ा रहित भारी आपदा क्षति हुई हो (संपत्ति के मूल्य का 40 प्रतिशत या उससे अधिक अथवा ढाँचे के मूल्य का 50% या उससे अधिक), और (3) वह नुकसान की मरम्मत करना चाहता हो।
- व्यवसाय – व्यवसाय मालिक अचल संपत्ति, मशीनों और उपकरणों के लिए मौजूदा मॉर्गिज या अधिकारों के लिए रीफाइनेंसिंग के लिए योग्य हो सकते हैं, जो अचल संपत्ति, मशीनों और उपकरणों की मरम्मत करने या उन्हें बदलने के लिए कर्ज़ की राशि तक होगी।
- घर – मकान मालिक घरों के लिए मौजूदा अधिकारों या मॉर्गिज के लिए रीफाइनेंसिंग के लिए योग्य हो सकते हैं, जो अचल संपत्ति की मरम्मत करने या उसे बदलने के लिए कर्ज़ की राशि तक होगी।

**यदि मैं रिलोकेट करने का फैसला करता/करती हूँ तो क्या होगा?**

रिलोकेट करने के लिए आप अपने SBA आपदा कर्ज़ का उपयोग कर सकते हैं। रिलोकेशन कर्ज़ की राशि इस पर निर्भर करती है कि आप स्वेच्छा से रिलोकेट करते हैं या अनैच्छिक रूप से। यदि रिलोकेशन में आपकी दिलचस्पी है, तो एक SBA प्रतिनिधि आपकी विशिष्ट स्थिति के बारे में आपको अधिक जानकारी प्रदान कर सकता है।

**क्या कर्ज़ के लिए बीमा की आवश्यकता है?**

प्रत्येक कर्ज़दार और एजेंसी की सुरक्षा के लिए, SBA की ओर से आपके द्वारा उपयुक्त बीमा प्राप्त करना और उसे कायम रखना ज़रूरी हो सकता है। कानून के अनुसार, जिन कर्ज़दारों की क्षतिग्रस्त या कोलैटरल संपत्ति किसी विशेष बाढ़ जोखिम क्षेत्र में स्थित है, उन्हें बाढ़ बीमा खरीदना और उसे कायम रखना होगा। SBA की ओर से यह ज़रूरी है कि बाढ़ बीमा सुरक्षा 1) आपदा कर्ज़, 2) संपत्ति के बीमा योग्य मूल्य, या 3) अधिकतम उपलब्ध बीमा राशि के कुल योग से कम हो।

आवेदक https://disasterloan.sba.gov/ela पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, अतिरिक्त आपदा सहायता जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और आवेदन डाउनलोड कर सकते हैं। SBA की आपदा सहायता के बारे में अधिक जानकारी के लिए आवेदक (800) 659-2955 पर SBA के ग्राहक सेवा केंद्र में कॉल या

disastercustomerservice@sba.gov पर ईमेल भी कर सकते हैं। बधिर या सुनने में तकलीफ़ वाले व्यक्ति (800) 877-8339 पर कॉल कर सकते हैं। भरे हुए आवेदन डाक द्वारा U.S. Small Business Administration, Processing and Disbursement Center, 14925 Kingsport Road, Fort Worth, TX 76155 पर भेजे जाने चाहिए।